# कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के कार्यालय भवन का शिलान्यास

माननीय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में आज 4 नवंबर, 2019 को पूसा परिसर में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। इस समारोह में डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं महानिदेशक (भा.कृ.अनु.प.), श्री सुशील कुमार, अतिरिक्त सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं सचिव (भा.कृ.अनु.प.) , भा.कृ.अनु.प., मुख्यालय के उप महानिदेशक, सहायक महानिदेशक भा.कृ.अनु.प.-संस्थानों के निदेशक व अधिकारी ,राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर में स्थित अंतर्राष्ट्रीय कृषि से सम्बंधित कार्यालयों के अध्यक्ष एवं कृ. वै. च. मं. के समस्त वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

माननीय मंत्री महोदय ने नए कार्यालय भवन के शिलान्यास के बाद इसके निर्माण की सुनिश्चितता के बारे में बताते हुए कहा कि यह भवन पर्यावरण के अनुकूल होगा और बताया कि कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने अपने 45 वर्षों के कार्यकाल में भा.कृ.अनु.प. के लिए वैज्ञानिकों की नियुक्ति के अतिरिक्त संस्थानों के निदेशक, मुख्यालय में उपमहानिदेशकों तथा सहायक महानिदेशकों के गुणवत्तापूर्ण चयन में सराहनीय कार्य किया है। मंत्री महोदय ने अगस्त, 2018 में मंडल की संरचना में हुए परिवर्तन का हवाला देते हुए कहा कि मंडल पर कार्य का दायित्व बढ़ने की वजह से उसे मजबूती प्रदान करने, अधिकार देने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समय-समय पर सरकार द्वारा इसके ढांचे में जरूरी परिवर्तन किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के चयन-प्रक्रिया से लेकर उनके पदोन्नति तक में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। अत: इसके कार्यों में गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों से युक्त स्वतंत्र भवन में स्थापित किया जाना बेहद जरूरी है । उन्होंने आशा जताई कि पूर्व की तरह भविष्य में भी कृषि

वैज्ञानिक चयन मंडल महत्त्वपूर्ण मानकों को ध्यान में रखते इसी तरह सफलतापूर्वक चयन करेगी।

डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं महानिदेशक (भा.कृ.अनु.प.) ने नए भवन के शिलान्यास के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए वैज्ञानिकों के चुनाव से लेकर संस्थानों के निदेशक, मुख्यालय के सहायक महानिदेशकों एवं उपमहानिदेशकों के गुणवत्तापूर्ण चयन के लिए कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अभूतपूर्व योगदान और उपलब्धियों की सराहना की।

प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा, अध्यक्ष, कृ. वै. च. मं. ने बताया कि आगामी डेढ़ से दो वर्षों में यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा । उन्होंने कहा कि आज यदि हम खाद्यानों का निर्यात कर रहे हैं तो इसमें किसानों की मेहनत के साथ-साथ वैज्ञानिकों की भूमिका को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि मंडल ने कृषि-वैज्ञानिकों के चयन के साथ-साथ प्रति वर्ष सफलतापूर्वक नेट परीक्षाओं का भी आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारतीय वैज्ञानिकों के अलावा दूसरे देशों के वैज्ञानिकों के चयन की प्रक्रिया भी हमारे हमारी कार्य-प्रणाली में शामिल होगा।

श्री विवेक अग्रवाल, सचिव, कृ. वै. च. मं. ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूप-रेखा के बारे में बताया और यह जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को 09, अगस्त 2018 से कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सलग्न कार्यालय के तौर पर मान्यता दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि नव निर्मित भवन गृह 05 स्टार रेटिंग के अनुकूल होगी।

प्रो. (डॉ.) ए. के. श्रीवास्तव, सदस्य, कृ. वै. च. मं. ने इस सुअवसर पर सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली
(कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग)
श्री नरेंद्र सिंह तोमर
श्री परषोत्तम रुपाला
श्री कैलाश चौधरी
डा. त्रिलोचन महापात्र
प्रो. ए. के. मिश्रा
श्री विवेक अग्रवाल, आई.ए.एस.
Agricultural Scientists Recruitment Board, New Delhi
(Department of Agricultural Research and Education)
Foundation Stone Laid By
Hon'ble Union Minister of Agriculture and Farmers Welfare
Shri Narendra Singh Tomar
on Monday, 4th November 2019
In the presence of
Shri Parshottam Rupala
Hon'ble Union Minister of State For Agriculture and Farmers Welfare
Shri Kailash Choudhary
Hon'ble Union Minister of State For Agriculture and Farmers Welfare
Dr. Trilochan Mohapatra
Secretary, DARE & Director General, ICAR
Prof. A. K. Misra
Chairman, ASRB
Prof. A. K. Srivastava
Member, ASRB
Dr. P. K. Chakrabarty
Member, ASRB
Dr. K. K. Singh
Member, ASRB
and
Shri Vivek Aggarwal, IAS
Secretary, ASRB

कार्यालय भवन का शिलान्यास समारोह

त्रिलोचन महापात्र
नरेंद्र सिंह तोमर
ए.के. मिश्रा

श्रीवास्तव
त्रिलोचन महापात्र

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग)
के
कार्यालय भवन का शिलान्यास समारोह
सोमवार, 4 नवम्बर 2019
नरेंद्र सिंह तोमर
ए.के. मिश्रा
पी.के. चक्रवर्ती
के.के. सिंह

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग)
के
कार्यालय भवन का शिलान्यास
समारोह

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग)
के
कार्यालय भवन का शिलान्यास
समारोह

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग)
के

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग)
के

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग)
के

Proposed New Office Building for
Agricultural Scientists Recruitment Board

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग)
के
कार्यालय भवन का शिलान्यास समारोह
सोमवार, 4 नवम्बर 2019